# खेल में लहराया परचम



**राजेश कुमार वर्मा (स.अ.)**
प्रा.वि., अजीजपुर,
फखरपुर, बहराइच

**उद्‌देश्य–** खेल बच्चों में सामाजिकता व समन्वयन की भावना का विकास करने का सशक्त माध्यम है, इसलिए शिक्षक ने फिट इण्डिया मूवमेन्ट एवं खेलो इण्डिया से प्रेरित होकर बच्चों के अन्दर छिपी प्रतिभा को खेल कौशलों के माध्यम से एक प्लेटफार्म देने का प्रयास किया जिससे सभी बच्चे मानसिक रूप से शैक्षिक क्रियाकलापों के साथ खेलों में एक अलग पहचान बना सकें।

**क्रियान्वयन–** शिक्षक ने अपने विद्यालय के सीनियर विद्यार्थियों के साथ मिलकर खेलों, प्रसिद्ध खिलाड़ियों के प्रेरक प्रसंग आदि को प्रार्थना सभा का एक आवश्यक अंग बनाया। जिसमें प्रतिदिन प्रार्थना सभा में योग के साथ संगीत और वाद्ययंत्रों के माध्यम से बच्चों को जोड़ा गया। खेल और योग उनकी दैनिक दिनचर्या का आवश्यक अंग बन गये। अंतिम दो कक्षाएं तथा शनिवार को पूरे दिन बच्चों को न केवल रूचि आधारित खेल खिलाये जाते हैं, वरन् उसमें पारगंत बनाया जाता है। इस कार्य में शिक्षक द्वारा प्रारम्भ में खेल कोचों की मदद ली गयी। वर्तमान में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर स्थान अर्जित कर चुके पुरातन विद्यार्थी नियमित सहयोग प्रदान कर रहे हैं।







**प्रभाव**— इस अभिनव प्रयास का प्रभाव यह रहा कि विद्यालय के कक्षा 2 से लेकर 5 तक के बच्चे अपने–अपने आयु वर्ग में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बन अनेक पदक प्राप्त कर चुके हैं। बच्चों की खेल प्रतिभा को देखते हुए शहर के दो प्रतिष्ठित विद्यालयों ने कक्षा 6 से 12 तक की निःशुल्क शिक्षा देने के लिए गोद लिया है।

**विद्यार्थियों की उपलब्धियां** – इसके पूर्व विद्यालय से बच्चों का जुड़ाव, नामांकन व उपस्थित, अधिगम स्तर, सामुदायिक सहभागिता, अपेक्षानुसार नहीं था। इस नवीन प्रयास के परिणामस्वरूप विद्यालय के कई बच्चों ने जिला, मंडल, प्रदेश, देश और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल अर्जित किये हैं और इसके उपरांत विद्यार्थियों की अकादमिक क्षेत्र में भी सकारात्मक एवं गुणात्मक परिवर्तन हुए हैं।





## जनपद स्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक कुल पदक

**2021**

| पदक | बेसिक वर्ग | माध्यमिक वर्ग | ओपन वर्ग | संसद खेल स्पर्धा | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| गोल्ड | 60 | 15 | 16 | 80 | 171 |
| सिल्वर | 12 | 6 | 20 | 10 | 48 |
| कांस्य | 8 | 4 | 14 | 10 | 36 |
| कुल पदक | 80 | 25 | 50 | 100 | 255 |

**2022**

| पदक | बेसिक वर्ग | माध्यमिक वर्ग | ओपन वर्ग | संसद खेल स्पर्धा | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| गोल्ड | 70 | 20 | 20 | 90 | 200 |
| सिल्वर | 12 | 8 | 22 | 10 | 52 |
| कांस्य | 8 | 7 | 18 | 10 | 38 |
| कुल पदक | 90 | 35 | 60 | 110 | 290 |

**2023**

| पदक | बेसिक वर्ग | माध्यमिक वर्ग | ओपन वर्ग | संसद खेल स्पर्धा | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| गोल्ड | 80 | 28 | 30 | 75 | 213 |
| सिल्वर | 10 | 7 | 20 | 10 | 47 |
| कांस्य | 8 | 5 | 15 | 5 | 33 |
| कुल पदक | 98 | 40 | 65 | 90 | 293 |

**2024**

| पदक | बेसिक वर्ग | माध्यमिक वर्ग | ओपन वर्ग | संसद खेल स्पर्धा | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| गोल्ड | 100 | 15 | 20 | – | 135 |
| सिल्वर | 15 | 15 | 10 | – | 40 |
| कांस्य | 3 | 8 | 48 | – | 59 |
| कुल पदक | 118 | 38 | 78 | – | 234 |